प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 10.08.2025 समयः 18.30 पीएम

0000

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बीमा क्लेम राशि का वितरण समारोह कल झुंझुनूं में–केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहेंगे।

- राज्य सरकार ने पेंशनर्स को राहत देने के लिए राजस्थान राज्य पेंशनर्स चिकित्सा रियायती योजना–2021 में संशोधन किया।

- प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधिया आयोजित की जा रही है।

- राज्य में कई स्थानों पर आज हल्की से मध्यम बारिश–जयपुर सहित 14 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट।

0000

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बीमा क्लेम राशि का वितरण समारोह कल झुंझुनूं में आयोजित किया जाएगा। समारोह में केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस दौरान देशभर के किसानों को वर्ष 2023–24 और 2024–25 के फसलों के खराबे की राशि बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।

00000

प्रदेश के पेंशनर्स को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य पेंशनर्स चिकित्सा रियायती योजना–2021 में संशोधन किया है। वित्त विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पेंशनर्स के लिए आरजीएचएस योजना के तहत वर्तमान में आउटडोर चिकित्सा सुविधा में दवाइयों और जांचों के निर्धारित राशि सीमा में बढोतरी के लिए चिकित्सा विभाग तथा उसके अधीन राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेन्सी को शक्तियां प्रदान की गई हैं। इसके तहत ओपीडी दवाइयों के लिए निर्धारित सीमा में 2 लाख रुपए तक के विस्तार के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के अतिरिक्त सीईओ या संयुक्त सीईओ, 2 लाख से 7 लाख रुपए तक के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्राधिकृत किया गया है। वहीं 7 लाख रुपए से अधिक के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग को प्राधिकृत किया गया है। उल्लेखनीय है कि निर्धारित सीमा राशि में बढोतरी के लिए पहले यह शक्तियां वित्त विभाग के अधीन थी। जिन्हें अब चिकित्सा विभाग को सौंप दिया गया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से पेंशनर्स को अपने ओपीडी दवाइयों और चिकित्सा जांचों की सीमा राशि में शिथिलता के लिए अब आवेदन करना और सरल होगा। पेंशनर्स इसके लिए आरजीएचएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

0000

विदेश मंत्रालय की पहल पर भारत भ्रमण पर आए लैटिन अमेरिकी देशों के 24 कंटेंट क्रिएटर्स के प्रतिनिधिमंडल ने आज जयपुर में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में ब्राज़ील, मैक्सिको, अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, पेरू, पनामा आदि देशों के प्रतिनिधि शामिल है। 9 से 15 अगस्त तक राजस्थान प्रवास के दौरान ये सभी भारत की समृद्ध विरासत, जीवंत संस्कृति और विविधतापूर्ण जीवन शैली से रूबरू हो रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की पहलों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन संभावनाओं का प्रभावी प्रचार–प्रसार होता है।

0000

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अभियान बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान सैन्य सटीकता और राजनीतिक स्पष्टता का समन्वय था। आईआईटी मद्रास में छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के कायराना हमले के बाद इस ऑपरेशन की योजना बनाई गई और उसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। ऑपरेशन की योजना और कार्यान्वयन के बारे में दुर्लभ जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि तीनों सेना प्रमुख इस बात पर सहमत थे कि निर्णायक कार्रवाई आवश्यक है। तीनों सेनाओं को ऑपरेशन की दिशा तय करने की पूरी छूट दी गई थी। उन्होंने कहा कि इस तरह की राजनीतिक दिशा और स्पष्टता पहली बार सेनाओं को देखने को मिली।

0000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो के अध्यक्ष डॉ० वी० नारायणन ने कहा है कि श्रेष्ठ प्रतिभाओं का योगदान करने में पिछले कई वर्षों तक भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईएसएसटी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तिरूवनंतपुरम के वलियमला में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आईआईएसएसटी के तेरहवें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत विश्व में सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था है। भारत की इस उपलब्धि में, इसरो की बड़ी भूमिका रही है। बीटेक, मास्टर्स, पीएचडी, दोहरी डिग्री में कुल तीन सौ नौ विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस समारोह के दौरान उन्हें डिग्रीयां प्रदान की गईं।

0000

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से देश प्रेम की अलख जगाई जा रही हैं। ज्यादा से ज्यादा लोगों को अभियान से जोड़ा जा रहा है। भरतपुर के पार्को में आज तिरंगा रंगोली सजायी गई और देशभक्ति की थीम पर चित्र और भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसी कडी में कल सुबह तिरंगा साईकिल रैली निकाली जायेगी। बालोतरा जिले में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न कर्यक्रम आयोजित किये गये। पंचायत स्तर पर मनरेगा श्रमिकों ने जलाशयों और मार्गो की सफाई की। करौली में भी अभियान के तहत व्यापक स्तर पर स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। बाडमेर में जिलास्तरीय योगासन खेलकूद चैम्पियनशिप में बालिकाओं ने हर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया। पाली के सोजत में अभियान के तहत आज स्थानीय लोगों और लोक कलाकारों ने तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। पाली की युवा लेखिका आयुषी राखेचा ने आकाशवाणी को कविता के माध्यम से तिरंगे का महत्व बताया।

0000

चुनाव आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 334 पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है। ये दल 2019 से छह वर्षों तक चुनाव लड़ने की एक भी अनिवार्य शर्त पूरी नहीं कर पाए। इन दलों के कार्यालयों का भी कोई अता–पता नहीं है। इस सूची में राजस्थान के भारत वाहिनी पार्टी, नेशनल जनसत्ता पार्टी, राजस्थान जनता पार्टी सहित नौ दल शामिल हैं। देश के राष्ट्रीय राजनीतिक दल, स्थानीय और पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत चुनाव आयोग में पंजीकृ त हैं।

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आज हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी। भरतपुर और करौली में हल्की बरसात हुई। पांचना बांध में पानी की अच्छी आवक होने से दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। वहीं झुंझुनूं जिले में भी कई स्थानों पर झमाझम बारिश के समाचार हैं। श्रीगंगानगर जिले मे भी कई स्थानों पर बरसात हुई। सिरोही जिले में माउंटआबू सहित कई स्थानों पर बारिश हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि होने से मौसम सुहावना हो गया है और सैलानियों की आवक भी बढी है।

मौसम केन्द्र जयपुर ने आज 14 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें सीकर, जयपुर, भरतपुर, धौलपुर, अलवर, करौली, नागौर, सवाईमाधोपुर, टोंक, बूंदी, कोटा, चित्तौडगढ, अजमेर और भीलवाडा जिले शामिल है। इन स्थानों पर गरज के साथ हल्की बरसात की संभावना है।

000

भीलवाड़ा जिले के किसानों ने इस बार खरीफ की फसल के रूप में प्रमुख रूप से उड़द और मूंग की फसल की बुवाई की है जहां बारिश ज्यादा होने के कारण पीला रोग फैल गया है, इससे भीलवाड़ा जिले के किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने किसानों को सलाह दी है कि विभाग से सलाह लेकर ही कीटनाशक का छिड़काव करे, जिससे फसल को कीटों से बचाया जा सके।

0000

आज विश्व शेर दिवस है। शेरों के संरक्षण और सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। जंगल के राजा शेर के प्रति जागृति के लिए आज गुजरात के द्वारका में समारोह आयोजित किया गया। इसमें केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि देश में शेर बाघ और चीता के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयास पर्यावरण केन्द्रित संरक्षण मॉडल को मजबूत कर रहे है। साथ ही दुनियाभर के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रहे है। गौरतलब है कि गुजरात में पिछले कुछ सालों में शेरों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2025 में इनकी तादाद 891 हो गई है।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से होने वाली उपनिरीक्षक–प्लाटून कमांडर के 1 हजार 15 पदों की भर्ती के लिए आज से आवेदन प्रकिया शुरू हो गई है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि आवेदन 8 सितम्बर तक किये जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तारीख आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

0000